**जमालपुर के सेक्टर-32 व 39 मार्केट में दुकानदारों ने सड़कों तक फैलाया सामान, पैदल चलना मुश्किल**

# अतिक्रमण की भरमार: फुटपाथ गायब, सड़क पर कब्जा; ग्लाडा के फील्ड अफसरों की भूमिका पर उठे सवाल









**लक्की मेहता/राहुल शर्मा**
**लुधियाना | समर न्यूज**

ग्लाडा की ओर से विकसित जमालपुर के सेक्टर-32 और 39 मार्केट में अतिक्रमण ने लोगों की परेशानी बढ़ा दी है। दुकानदारों ने फुटपाथों पर सामान सजा रखा है तो कई जगह सड़क तक कब्जा कर लिया गया है। हालात यह हैं कि जिन फुटपाथों पर लोगों को पैदल चलना चाहिए, वहां दुकानदारी हो रही है। मजबूरन लोगों को सड़क पर उतरकर चलना पड़ रहा है। ऐसे में कभी भी बड़ा हादसा हो सकता है। मार्केट में केवल दुकानों के आगे का अतिक्रमण ही समस्या नहीं है। जगह-जगह अवैध रेहड़ियां और फड़ियां लगने से सड़कें और संकरी हो गई हैं। सामान सड़क तक फैला होने के कारण वाहनों की आवाजाही प्रभावित रहती है और पीक टाइम में जाम की स्थिति बन जाती है। स्थानीय लोगों का कहना है कि लंबे समय से यह स्थिति बनी हुई है, लेकिन प्रभावी कार्रवाई नहीं होने से अतिक्रमण लगातार बढ़ता जा रहा है।

## कार्रवाई नहीं तो निगरानी पर सवाल

*अतिक्रमण के बढ़ते दायरे को लेकर अब ग्लाडा के फील्ड अधिकारियों की भूमिका भी सवालों के घेरे में है। लोगों का कहना है कि यदि अधिकारी नियमित रूप से मौके का निरीक्षण करते और अतिक्रमण करने वालों पर कार्रवाई करते तो हालात इतने खराब नहीं होते। सवाल यह भी उठ रहा है कि आखिर सड़क और फुटपाथ पर लगातार कब्जे होने के बावजूद संबंधित अधिकारियों को इसकी भनक क्यों नहीं लगी।*



*ग्लाडा के सीए विकास हीरा ने स्पष्ट किया कि एस्टेट ऑफिस की ओर से अतिक्रमण के खिलाफ विशेष अभियान शुरू किया जाएगा। उन्होंने कहा कि मार्केटों में अवैध कब्जों को बर्दाश्त नहीं किया जाएगा और नियमों के अनुसार कार्रवाई की जाएगी। साथ ही फील्ड स्तर पर अधिकारियों की भूमिका पर भी नजर रखी जाएगी। यदि कहीं लापरवाही सामने आती है तो उसके लिए जिम्मेदारी तय की जाएगी।*

# भाजपा जिला प्रधान की फीलिंग: जनता कॉल करे तो सुनने को मिलता है 'रिकॉर्ड द नेम एंड रीजन ऑफ़ कॉल'

**पार्टी के ही नेताओं का मानना कि लोग करने लगे हैं शिकायत**

**सुनील शिंगार | लुधियाना**
**समर न्यूज**

कुछ दिन पहले ही भारतीय जनता पार्टी के बड़े नेताओं ने लुधियाना का नया जिला प्रधान सुनील मोदगिल को नियुक्त किया है। मानो नए प्रधान साहब को कुर्सी का नशा चढ़ गया हो। वह इस कदर वीवीआईपी फीलिंग लेने लगे हैं कि उन्होंने आम जनता के लिए अपना मोबाइल फोन वॉइस कॉल पर लगा दिया है। जिस व्यक्ति का नंबर उनके मोबाइल में नहीं है वह व्यक्ति अगर उनको फोन करता है तो इंग्लिश में एक मैसेज सुनने को मिलता है " रिकॉर्ड द नेम एंड रीजन ऑफ़ कॉल"। आखिर ऐसा होना नहीं चाहिए। पार्टी के ही वर्करों का मानना है कि यह बात अब चर्चा का विषय बनने लगी है कि नए प्रधान के साथ फोन पर बात करना आम लोगों के लिए एक बड़ी चुनौती है। समर एक्सप्रेस की टीम ने जब एक अज्ञात नंबर से फोन कॉल कर इसकी जांच की तो यह आप सही निकले। इसके बाद जब बुधवार शाम करीब 7 भारतीय जनता पार्टी के पंजाब प्रधान केवल सिंह ढिल्लों से मोबाइल पर बात करनी चाहिए तो उनका फोन किसी अन्य साथी ने उठा कर बताया कि वह अमृतसर में है और हरमंदिर साहिब में माथा टेक रहे हैं और करीब 2 घंटे का समय लग सकता है।

### वर्करों का मानना: चुनाव नजदीक और यह रवैया गलत

*पंजाब में कुछ ही महीनों बाद विधानसभा चुनाव होने वाले हैं। ऐसे में सभी राजनीतिक पार्टियों के नेता अपने वर्करों और आम जनता के साथ लगातार मीटिंग कर रहे हैं। वोटरों को लुभाने के लिए उनके लंबित काम फोन कॉल पर सुन उनकी समस्या का हल निकालने के दावे किए जा रहे हैं। लेकिन लुधियाना में भारतीय जनता पार्टी के प्रधान सुनील मौदगिल ने इसके विपरीत अपना फोन कॉल आम जनता के लिए वॉइस मैसेज पर लगा दिया है। ऐसे में अगर किसी आम व्यक्ति ने अपनी समस्या या फिर अन्य किसी काम के सिलसिले में बात करनी हो तो फिलहाल वह संभव नहीं है।* ***पार्टी वर्करों का मानना है कि ऐसा किए जाने पर कुछ वर्कर भी निराश हैं।***

### एसआईआर के लिए लोगों को जरूरत

***मौजूदा समय में पंजाब के लोगों की वोट को लेकर एस आई आर अपने चर्म पर है। हर पार्टी के लिए एक-एक वोट अहम है। मौजूदा समय में जिन लोगों को अपनी वोट बनाने में दिक्कत आ रही है वह अपनी समस्या लेकर पार्टी के मुखिया से बातचीत कर इसका समाधान निकाल रहे हैं। लेकिन भारतीय जनता पार्टी के लुधियाना जिला प्रधान सुनील मौदगिल इस समस्या में आम जनता के लिए उपलब्ध नहीं है। लोगों का ही मानना है कि उनके इस रवैया से वह कहीं ना कहीं वोटरों को लुभाने में चूक सकते हैं। क्योंकि वोटर का काम करवाने के लिए अन्य पार्टियों के नेता सहयोग करने के लिए तैयार हैं।***

**सवा घंटे बाद हथियार ले लौटे बदमाश, वेंटो कार में की तोड़फोड़; सीसीटीवी में कैप्चर**

## डीजल की जगह पेट्रोल डाला, पेट्रोल पंप पर फायरिंग की

**अशवनी पाहवा | लुधियाना**
**समर न्यूज**




आरती चौक स्थित कुबेर पेट्रोल पंप पर डीजल की जगह पेट्रोल डालने को लेकर शुरू हुआ विवाद इतना बढ़ गया कि आरोपियों ने सरेआम हवाई फायर कर दिया। इतना ही नहीं, करीब सवा घंटे बाद 4-5 हथियारबंद युवक दोबारा पेट्रोल पंप पर पहुंचे और वहां खड़ी वेंटो कार में जमकर तोड़फोड़ की। पूरी वारदात पेट्रोल पंप पर लगे सीसीटीवी कैमरों में कैद हो गई। पेट्रोल पंप मालिक राजू शर्मा निवासी टैगोर नगर, सिविल लाइंस ने पुलिस को बताया कि उनका आरती चौक पर कुबेर पेट्रोल पंप है। 29 अगस्त की तड़के करीब 2:15 बजे फॉक्सवैगन वेंटो कार नंबर PB04AE4914 डीजल भरवाने पहुंची थी। पंप कर्मी ने गलती से कार में पेट्रोल डाल दिया। इसे लेकर कार चालक की कर्मी से कहासुनी हो गई। इसी दौरान दिल्ली नंबर DL-1CR6500 वाली कार भी पेट्रोल पंप पर तेल डलवाने पहुंची। वेंटो कार चालक ने दूसरी कार सवारों को तेल डलवाने से रोक दिया। इस बात को लेकर दोनों पक्षों में गाली-गलौज और हाथापाई शुरू हो गई। विवाद बढ़ने पर दिल्ली नंबर की कार में सवार एक युवक ने पिस्तौल निकालकर हवा में गोली चला दी। फायरिंग होते ही पेट्रोल पंप पर मौजूद कर्मचारियों और लोगों में भगदड़ मच गई। गोली चलाने के बाद आरोपी दिल्ली नंबर की कार लेकर फरार हो गए, जबकि वेंटो कार चालक अपनी गाड़ी पेट्रोल पंप पर छोड़कर चला गया। करीब सवा घंटे बाद, तड़के 3:30 बजे, 4-5 हथियारबंद युवक दोबारा पेट्रोल पंप पर पहुंचे। उन्होंने परिसर में खड़ी वेंटो कार पर हमला कर उसकी जमकर तोड़फोड़ की और उसे बुरी तरह क्षतिग्रस्त कर दिया।

**▪ अज्ञात आरोपियों पर केस दर्ज...**

*घटना की सूचना मिलने पर थाना डिवीजन नंबर-8 की पुलिस मौके पर पहुंची। चौकी घुमार मंडी के इंचार्ज एएसआई दविंदर पासी ने बताया कि राजू शर्मा के बयानों पर दिल्ली नंबर कार के चालक और उसमें सवार अज्ञात व्यक्तियों के खिलाफ BNS की धारा 125, 191(3), 190 और आर्म्स एक्ट की धारा 25, 27, 54, 59 के तहत केस दर्ज किया गया है। पुलिस ने सीसीटीवी फुटेज कब्जे में लेकर जांच शुरू कर दी है। दिल्ली नंबर कार को ट्रेस कर आरोपियों की पहचान और गिरफ्तारी के प्रयास किए जा रहे हैं।*

## डीसी कार्यालय के बाहर चौथे दिन मोर्चा जारी



**राजवीर बख्शी | लुधियाना**
**समर न्यूज**

भारतीय किसान यूनियन एकता उगराहां की ओर से 13 सूत्रीय मांगों को लेकर डीसी कार्यालय के बाहर लगाया गया पक्का मोर्चा बुधवार को चौथे दिन भी जारी रहा। बारिश के बावजूद बड़ी संख्या में किसान धरना स्थल पर डटे रहे और सरकार की नीतियों के खिलाफ रोष जताया। किसान नेताओं ने कहा कि मांगों का समाधान होने तक संघर्ष जारी रहेगा। धरने को संबोधित करते हुए जिला महासचिव सुदागर सिंह घुडाणी ने आरोप लगाया कि सरकार कॉरपोरेट समर्थित नीतियों को बढ़ावा दे रही है। उन्होंने कहा कि सार्वजनिक संस्थानों के निजीकरण से आम लोगों पर आर्थिक बोझ बढ़ेगा। उन्होंने विरोध करते हुए आरोप लगाया कि किसानों की जमीनें कंपनियों के हवाले करने की कोशिश की जा रही है। उन्होंने भारत-अमेरिका मुक्त व्यापार समझौते जैसी नीतियों पर भी चिंता जताते हुए कहा कि विदेशी कृषि उत्पादों की आमद से भारतीय किसानों को फसलों का उचित मूल्य मिलने में मुश्किलें बढ़ सकती हैं। किसान नेता मनोहर सिंह कलाहड़ ने कर्मचारी संगठनों के संघर्ष का समर्थन किया और 4 सितंबर को जिलों में लगाए जा रहे पक्के मोर्चों में शामिल होने की अपील की। इस दौरान युवराज सिंह घुडाणी, जसदीप सिंह जस्सोवाल, दविंदर सिंह सिरथला, तीरथ सिंह तलवंडी और मनजीत सिंह सहित अन्य नेता मौजूद रहे।

## विदेश भेजने पर 1.25 लाख ठगे, मामला दर्ज

**सहजप्रीत सिंह | लुधियाना**
**समर न्यूज**

विदेश भेजने के नाम पर 1.25 लाख रुपये की धोखाधड़ी करने के आरोप में थाना जोधेवाल पुलिस ने सतनाम सिंह के खिलाफ मामला दर्ज किया है। पुलिस ने आरोपी के खिलाफ भारतीय न्याय संहिता (BNS) की धारा 318(4) और इमिग्रेशन एक्ट की धारा 24 के तहत कार्रवाई की है। पुलिस के मुताबिक, सतनाम सिंह चंडीगढ़ के सेक्टर-17 स्थित बॉर्डरलाइन कंसल्टेंट में कर्मचारी बताया गया है। शिकायतकर्ता ने आरोप लगाया कि आरोपी ने उसे लक्समबर्ग भेजने का झांसा देकर 1,25,000 रुपये लिए थे। रकम लेने के बाद आरोपी ने न तो उसे विदेश भेजा और न ही पैसे वापस किए। शिकायत की जांच के बाद पुलिस ने केस दर्ज कर लिया। अब पुलिस पैसों के लेन-देन और आरोपी की भूमिका से जुड़े अन्य तथ्यों की जांच कर रही है।

## मौलाना हबीब उर रहमान लुधियानवी की 70वीं बरसी पर श्रद्धांजलि समारोह



**अशवनी पाहवा | लुधियाना**
**समर न्यूज**

भारत के स्वतंत्रता संग्राम के महान सेनानी मौलाना हबीब उर रहमान लुधियानवी की 70वीं बरसी पर



ऐतिहासिक जामा मस्जिद में मजलिस अहरार इस्लाम की ओर से श्रद्धांजलि समारोह आयोजित किया गया। कुरान शरीफ की तिलावत कर उनकी आत्मा की शांति के लिए दुआ की गई। शाही इमाम पंजाब मौलाना मुहम्मद उस्मान रहमानी लुधियानवी ने कहा कि मौलाना हबीब उर रहमान ने अंग्रेजी हुकूमत के खिलाफ संघर्ष करते हुए करीब 14 वर्ष जेल में बिताए। अंग्रेजों द्वारा रेलवे स्टेशनों पर हिंदू और मुस्लिम पानी के अलग-अलग मटके रखने की नीति का विरोध करते हुए उन्होंने पेशावर तक ऐसे मटके तुड़वाए और लोगों को एकता का संदेश दिया। उन्होंने बताया कि मौलाना ने भगत सिंह के परिवार, नेताजी सुभाष चंद्र बोस, जवाहरलाल नेहरू, मास्टर तारा सिंह, लाला लाजपत राय और सैयद अताउल्लाह शाह बुखारी समेत कई नेताओं का साथ दिया। 1947 में विभाजन का विरोध कर उन्होंने भारत में रहना चुना। उनके दादा मौलाना शाह अब्दुल कादिर लुधियानवी ने 1857 में स्वतंत्रता संग्राम में महत्वपूर्ण भूमिका निभाई थी। शाही इमाम ने देश की एकता और भाईचारे के लिए मिलकर काम करने का आह्वान किया।

## तेज रफ्तार होंडा अमेज और इनोवा में टक्कर, दोनों कारों के चालक घायल

**सहजप्रीत सिंह | लुधियाना**
**समर न्यूज**



साउथ सिटी रोड पर झम्मट पुल के पास बुधवार को तेज रफ्तार होंडा अमेज और इनोवा कार की आमने-सामने टक्कर हो गई। हादसा इतना भीषण था कि होंडा अमेज का अगला हिस्सा पूरी तरह क्षतिग्रस्त हो गया, जबकि इनोवा कार को भी काफी नुकसान पहुंचा। गनीमत रही कि हादसे में किसी की जान नहीं गई। दोनों वाहनों के चालकों को मामूली चोटें आई हैं। जानकारी के अनुसार, हादसा झम्मट पुल के पास सर्विस लेन पर हुआ। बताया जा रहा है कि दोनों कारें तेज रफ्तार से आ रही थीं। इसी दौरान सर्विस लेन पर दोनों वाहनों की सीधी टक्कर हो गई। टक्कर के बाद होंडा अमेज का अगला हिस्सा बुरी तरह क्षतिग्रस्त हो गया। हादसे की तीव्रता का अंदाजा इसी बात से लगाया जा सकता है कि अमेज का एक टायर टूटकर गाड़ी से अलग हो गया। वहीं, इनोवा कार को भी टक्कर के कारण काफी नुकसान पहुंचा है। हादसे के समय दोनों वाहनों में यात्रियों की मौजूदगी नहीं थी और केवल चालक ही गाड़ियों में सवार थे। दोनों चालकों को मामूली चोटें आई हैं। रघुनाथ चौकी के एएसआई गुरप्रीत ने बताया कि पुलिस को कंट्रोल रूम के माध्यम से सड़क हादसे की सूचना मिली थी। सूचना मिलते ही पुलिस टीम मौके पर पहुंची और स्थिति का जायजा लिया। पुलिस ने हादसे में क्षतिग्रस्त दोनों कारों को कब्जे में ले लिया है। फिलहाल मामले की जांच की जा रही है। पुलिस का कहना है कि जांच के बाद हादसे के लिए जिम्मेदार पक्ष के खिलाफ नियमानुसार कार्रवाई की जाएगी।

## आठ साल बाद पूर्व मुंशी पर मामला दर्ज

**सहजप्रीत सिंह | लुधियाना**
**समर न्यूज**

थाना डिवीजन नंबर-3 पुलिस ने आठ साल पुराने मामले में थाने के तत्कालीन मुंशी मलकीत सिंह के खिलाफ 1,66,160 की केस प्रापर्टी खुर्द-बुर्द के आरोप में केस दर्ज किया है। मलकीत सिंह अब पुलिस विभाग से डिसमिस हो चुका है। पुलिस ने उसके खिलाफ धारा 409 आईपीसी के तहत कार्रवाई की है। पुलिस के अनुसार, मामले की शिकायत थाना डिवीजन नंबर-3 के मुख्य अधिकारी ने दी थी। बताया गया कि केस प्रापर्टी के रूप में जमा 1,66,160 रुपये का रिकॉर्ड में सही निपटारा नहीं हुआ और रकम खुर्द-बुर्द कर दी गई। यह रकम केस नंबर 05, 3 जनवरी 2018 से संबंधित थी, जो जुआ एक्ट की धारा 13ए/3/67 और लॉटरी एक्ट की धारा 7(3) के तहत दर्ज हुआ था। उस समय मलकीत सिंह थाने में मुंशी तैनात था। पुलिस ने केस दर्ज कर जांच शुरू कर दी है।

## क्लास में राउंड के दौरान बिगड़ी टीचर की तबीयत, अस्पताल पहुंचने पर मौत

**सहजप्रीत सिंह | लुधियाना**
**समर न्यूज**

हैबोवाल खुर्द स्थित सरकारी प्राइमरी स्कूल में मंगलवार को उस समय शोक की लहर दौड़ गई, जब स्कूल के हेड टीचर हरजीत ग्रेवाल (49) की क्लासरूम में अचानक तबीयत बिगड़ने के बाद मौत हो गई। वह रोजाना की तरह स्कूल में बच्चों की क्लासों का राउंड कर रहे थे। इसी दौरान प्री-प्राइमरी क्लास में बच्चों और अध्यापिका से बातचीत करते समय उन्होंने सीने में दर्द की शिकायत की और कुछ ही पल बाद मुंह के बल जमीन पर गिर पड़े। स्कूल के अध्यापकों के अनुसार, सुबह हरजीत ग्रेवाल रोजाना की तरह स्कूल पहुंचे थे। उन्होंने प्रार्थना सभा में हिस्सा लिया और इसके बाद दो कक्षाओं में पढ़ाई भी करवाई। अपना दफ्तरी काम निपटाने के बाद वह दोपहर करीब 12:40 बजे स्कूल की विभिन्न कक्षाओं का राउंड कर रहे थे। प्री-प्राइमरी कक्षा में पहुंचकर वह बच्चों और अध्यापिका से बातचीत कर रहे थे। अचानक उन्होंने सीने में दर्द होने की बात कही। एक अध्यापक ने उन्हें पानी देने की कोशिश की। पानी का गिलास हाथ में लेते ही वह अचानक नीचे गिर पड़े। साथी अध्यापक तुरंत उनकी मदद के लिए पहुंचे और उन्हें सीपीआर देने का प्रयास किया। इसके बाद उन्हें मोहल्ला क्लिनिक ले जाया गया। एंबुलेंस पहुंचने पर उन्हें डीएमसी अस्पताल ले जाया गया, जहां डॉक्टरों ने उन्हें मृत घोषित कर दिया। *स्कूल स्टाफ के अनुसार, करीब डेढ़ से दो महीने पहले हरजीत ग्रेवाल ड्रग जनगणना की ड्यूटी पर गए थे। ललतों कलां गांव में सर्वे के दौरान कुछ नशा करने वालों ने कथित तौर पर उन पर चाकू से हमला कर दिया था। इस हमले में उनकी छाती पर गंभीर चोट लगी थी। हेड टीचर की मौत की सूचना मिलते ही उनके परिजन डीएमसी अस्पताल पहुंचे।*

## बारिश के बीच सफाई व्यवस्था का जायजा लेने सड़क पर उतरे सीनियर डिप्टी मेयर, फॉगिंग में लापरवाही पर सख्त चेतावनी

**लक्की मेहता | लुधियाना**
**समर न्यूज**



शहर में बारिश के बीच नगर निगम ने सफाई व्यवस्था को लेकर अपनी गतिविधियां तेज कर दी हैं। 'मिशन क्लीन पंजाब' के दूसरे चरण के तहत बुधवार को गुरुद्वारा दुख निवारण साहिब रोड पर सफाई अभियान चलाया गया। अभियान की अगुवाई सीनियर डिप्टी मेयर राकेश पराशर ने की। बारिश के कारण मच्छरजनित बीमारियों का खतरा बढ़ने की आशंका को देखते हुए सीनियर डिप्टी मेयर ने अधिकारियों को शहर में नियमित फॉगिंग करवाने के सख्त निर्देश दिए। उन्होंने कहा कि लोगों के स्वास्थ्य से जुड़े मामले में किसी भी तरह की लापरवाही बर्दाश्त नहीं की जाएगी। नगर निगम की हेल्थ ब्रांच के अधिकारियों के साथ मौके पर पहुंचे राकेश प्रशार ने फील्ड स्टाफ को सफाई व्यवस्था दुरुस्त रखने और कूड़े की नियमित लिफ्टिंग सुनिश्चित करने के निर्देश दिए। उन्होंने सफाई कर्मचारियों की हाजिरी की नियमित जांच करने के लिए भी अधिकारियों को कहा, ताकि ड्यूटी में किसी प्रकार की लापरवाही न हो। सीनियर डिप्टी मेयर ने कहा कि मुख्यमंत्री भगवंत सिंह मान और स्थानीय निकाय मंत्री हरजोत सिंह बैंस के दिशा-निर्देशों के तहत शहर में ठोस कचरा प्रबंधन को बेहतर बनाने के लिए लगातार प्रयास किए जा रहे हैं। उन्होंने कहा कि वह खुद फील्ड में जाकर सफाई व्यवस्था का जायजा ले रहे हैं और जमीनी स्तर पर कमियों को दूर करने के लिए अधिकारियों को आवश्यक निर्देश दिए जा रहे हैं। उन्होंने कहा कि सफाई व्यवस्था में सुधार के लिए स्थानीय लोगों से भी फीडबैक लिया जा रहा है। जहां भी कमी सामने आ रही है, वहां सुधार के लिए संबंधित अधिकारियों को कार्रवाई के निर्देश दिए जा रहे हैं।

**चोपहरा समागम** | **जप-तप चोपहरा समागम में अन्य राज्यों से भी संगत नतमस्तक हुई**

## गुरबाणी कीर्तन से भक्तिमय हुआ वातावरण : सुखविंद्रपाल सरना


**नीलकमल मोनू | लुधियाना**
**समर न्यूज**



गुरुद्वारा श्री धन-धन शहीद बाबा दीप सिंह जी, मॉडल टाउन ए-एक्स, लुधियाना में श्रद्धा एवं भक्ति भावना के साथ जप-तप चौपहरा समागम का आयोजन किया गया। समागम में बड़ी संख्या में संगत ने गुरुद्वारा साहिब पहुंचकर गुरु चरणों में नतमस्तक होकर आशीर्वाद प्राप्त किया। सुबह से ही गुरु घर में संगत के पहुंचने का सिलसिला जारी रहा। समागम के दौरान गुरबाणी कीर्तन और धार्मिक कार्यक्रमों के माध्यम से संगत को गुरु साहिब की शिक्षाओं से जुड़ने तथा नाम सिमरन करने के लिए प्रेरित किया गया। गुरबाणी के मधुर कीर्तन से पूरे गुरुद्वारा परिसर में आध्यात्मिक एवं भक्तिमय वातावरण बना रहा। संगत ने श्रद्धापूर्वक गुरु घर में माथा टेका और जप-सिमरन में शामिल होकर आध्यात्मिक शांति की अनुभूति की। समागम के दौरान श्रद्धालुओं ने गुरु घर की सेवा में भी हिस्सा लिया। संगत ने धार्मिक कार्यक्रमों में शामिल होकर गुरु साहिब की शिक्षाओं को अपने जीवन में अपनाने का संकल्प लिया। आयोजकों ने कहा कि ऐसे धार्मिक समागम संगत को नाम सिमरन, सेवा और गुरबाणी से जुड़ने के लिए प्रेरित करते हैं। समागम में शामिल संगत के लिए गुरुद्वारा प्रबंधक कमेटी की ओर से गुरु का अटूट लंगर भी लगाया गया। बड़ी संख्या में श्रद्धालुओं ने श्रद्धा के साथ लंगर प्रसाद ग्रहण किया। समागम के दौरान गुरुद्वारा परिसर में अनुशासन और श्रद्धा का माहौल बना रहा तथा संगत ने धार्मिक आयोजन का लाभ उठाया।

## होजरी कारोबारी का पर्स लूटा, फिर युवक से एक्टिवा छीनी

**अशवनी पाहवा | लुधियाना**
**समर न्यूज**



फिरोजपुर रोड पुल पर मंगलवार रात सरेआम लूटपाट की दो वारदातों ने पुलिस व्यवस्था पर सवाल खड़े कर दिए। लुटेरों ने पहले एक होजरी कारोबारी को निशाना बनाकर उसका पर्स लूट लिया। जब राहगीरों ने लुटेरों का पीछा कर उन्हें पकड़ने की कोशिश की तो वह बाइक से जा गिरे और बाइक दुर्घटनाग्रस्त हो गई। इसके बाद बदमाशों ने पकड़े जाने के डर से पुल के दूसरी तरफ काम से लौट रहे एक युवक को हथियार दिखाकर उसकी एक्टिवा छीन ली और रॉन्ग साइड से फरार हो गए। हैरानी की बात यह रही कि घटना के बाद थाना डिवीजन नंबर-5 और थाना पीएयू की पुलिस काफी देर तक घटनास्थल की हदबंदी को लेकर उलझी रही। इसके चलते दोनों पीड़ित करीब तीन घंटे तक मौके पर ही खड़े रहे और एक-दूसरे थाने की सीमा बताकर कार्रवाई की जाती रही।

**▪ पहले होजरी कारोबारी को बनाया निशाना...**

*मामले की जानकारी देते हुए राजगुरु नगर निवासी होजरी कारोबारी कमलदीप ने बताया कि उनकी माधोपुरी में फैक्टरी है। जहा से वह मंगलवार रात घर वापिस लौट रहा थे, जैसे ही वह फिरोजपुर रोड से नानकसर गुरुद्वारा के पास से पुल उतरने लगे तो पीछे से आये बाइक सवार लुटेरों ने उसे घेर लिया। जिसके बाद बदमाशों ने तेजधार हथियारो के बलपर उसकी जेब मे से जबरदस्ती पर्स निकाल लिया। वारदात के बाद आसपास के राहगीरों ने शोर मचाते हुए लुटेरों का पीछा करना शुरू कर दिया। खुद को लोगों से घिरता देख बदमाश घबरा गये और अपनी बाइक को लेकर फरार होने लगे, जिस दौरान वह बाइक सहित सड़क किनारे जा गिरे।*

**▪ दूसरी तरफ युवक से छीनी एक्टिवा...**

*बाइक से गिरने के बाद भी बदमाशों ने हिम्मत नहीं हारी। पकड़े जाने के डर से बचने के लिए उन्होंने पुल की दूसरी तरफ से काम खत्म कर लौट रहे एक्टिवा सवार युवक अंकुर को निशाना बनाया। अंकुर दरेसी इलाके में रहता है और एमबीडी मॉल में काम करता है। बदमाशों ने उसे रोककर उसकी एक्टिवा छीन ली और रॉन्ग साइड से तेज रफ्तार में फरार हो गए।*

**▪ तीन घंटे तक हदबंदी में उलझी पुलिस...**

*घटना के बाद पीड़ितों ने पुलिस को सूचना दी। होजरी कारोबारी कमलदीप की लूट का मामला थाना डिवीजन नंबर-5 की पुलिस के अधिकार क्षेत्र में बताया गया, जबकि एक्टिवा लूट की वारदात थाना पीएयू की पुलिस देख रही है। दोनों थानों की पुलिस काफी देर तक घटनास्थल की हदबंदी को लेकर उलझी रही। इस दौरान दोनों पीड़ित करीब तीन घंटे तक मौके पर खड़े होकर पुलिस कार्रवाई का इंतजार करते रहे। दुर्घटनाग्रस्त बाइक को कब्जे में लेकर जांच शुरू कर दी है। आसपास लगे सीसीटीवी कैमरों की फुटेज भी खंगाली जा रही है, ताकि लुटेरों की पहचान कर उन्हें गिरफ्तार किया जा सके।*

ग्रुप एडिटर: अर्शदीप सिंह। एग्जीक्यूटिव एडिटर : नितिन उपमन्यु । मुद्रक, प्रकाशक, इंप्रेशन प्रिंटिंग एंड पैकेजिंग लिमिटेड, प्लॉट- 22, औद्योगिक क्षेत्र, फेज-2, पंचकूला। *समाचार चयन के लिए PRP एक्ट के तहत जिम्मेदार। सभी विवादों का न्यायाधिकार क्षेत्र लुधियाना होगा। RNI No. CHMUL/25/A1155